# पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा

## संभावित पेपर-14

**1. बोधिसत्व की अवधारणा इनमें से किस से संबंधित है?**

(अ) जैन धर्म (ब) हीनयान बौद्ध धर्म

(स) सिख धर्म (द) महायान बौद्ध धर्म

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** बोधिसत्व बौद्ध मत के महायान संप्रदाय का आदर्श एवं केंद्रीय संकल्पना है पारंपरिक रूप से महान दया से प्रेरित बोधिचित्त जनित सभी संवेदनशील प्राणियों को लाभ के लिए सहज इच्छा से बुद्धत्व प्राप्त करने वाले को बोधिसत्व माना जाता है

**2. ओरछा वन्य जीव अभ्यारण मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित है?**

(अ) पन्ना (ब) टीकमगढ़ (स) जबलपुर (द) मुरैना

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले के अंतर्गत आने वाला ओरछा एक पर्यटन स्थल है जिसकी स्थापना 1531 ईस्वी में राजा रुद्रप्रताप ने की थी यहीं पर एक वन्य जीव अभ्यारण भी स्थित है

**3. अहमद शाह अब्दाली भारत में किस एशियाई देश से आया था?**

(अ) फारस (ब) तुर्की (स) अफगानिस्तान (द) मंगोलिया

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** अहमद शाह अब्दाली भारत में एशियाई देश अफगानिस्तान से आया था अहमद शाह ने भारत पर प्रथम आक्रमण 1748 में पंजाब पर किया था जो असफल रहा

**4. वह अभ्यारण जो ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संरक्षण के लिए जाना जाता है?**

(अ) कान्हा (ब) घाटीगांव (स) चंबल (द) घड़ियाल

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश में लुप्त प्राय: ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संरक्षण के लिए दो अभ्यारण स्थापित किए गए हैं जिनमें घाटीगांव तथा करैरा शामिल है

**5. किस ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने क्रिप्स मिशन को भारत भेजा था?**

(अ) मार्गरेट थैचर (ब) विंस्टन चर्चिल

(स) बेंजामिन डिसरायली (द) रॉबर्ट वालपोल

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** भारत के राजनीतिक गतिरोध को दूर करने के उद्देश्य से ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने ब्रिटिश संसद सदस्य तथा मजदूर नेता सर स्टैनफोर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में मार्च 1942 में एक मिशन भारत भेजा इसका मुख्य उद्देश्य द्वितीय विश्वयुद्ध के समय अपने लिए भारत का पूर्ण सहयोग प्राप्त करना था

**6. निम्न में कौन सी नदी प्रदेश की सर्वाधिक प्रदूषित नदी है?**

(अ) नर्मदा (ब) बेतवा (स) क्षिप्रा (द) चंबल

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश की सर्वाधिक प्रदूषित नदी बेतवा है अपने अधिक प्रदूषण के कारण ही बेतवा को मध्यप्रदेश की गंगा कहा जाता है

**7. भारत के राष्ट्रपति के महाभियोग की प्रक्रिया भारतीय संविधान के----- में उल्लेखित है?**

(अ) अनुच्छेद 77 (ब) अनुच्छेद 61

(स) अनुच्छेद 30 (द) अनुच्छेद 66

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** राष्ट्रपति पर महाभियोग की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 61 में निहित है महाभियोग राष्ट्रपति के विरुद्ध संसद द्वारा चलाई जाने वाली एक अर्ध न्यायिक प्रक्रिया है जिसका प्रयोग राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के जजों को संविधान के प्रावधानों में उल्लंघन पर हटाने के लिए किया जाता है

**8. मध्यप्रदेश में मदन महल कहां स्थित है?**

(अ) जबलपुर (ब) ग्वालियर (स) मंडला (द) धार

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** मदन महल जबलपुर नगर में एक विशाल पहाड़ी पर स्थित है 1200 ईस्वी में गोंड राजा मदनशाह ने इस महल का निर्माण करवाया था यह मदनशाह का राजप्रसाद था

**9. भारत में दूसरा उच्च संवैधानिक पद कौन सा है?**

(अ) उपराष्ट्रपति (ब) राज्यपाल (स) प्रधानमंत्री (द) राष्ट्रपति

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** भारत में दूसरा उच्च संवैधानिक पद उपराष्ट्रपति का होता है उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है

**10. मध्य प्रदेश किस पर्यटन स्थल पर सिद्धनाथ घाट, भैरव घाट एवं नागर घाट है?**

(अ) ओमकारेश्वर (ब) बरमान घाट (स) भेड़ाघाट (द) नेमावर

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** पर्यटन स्थल नेमावर नर्मदा का नाभिस्थल है जो क्षेत्रवासियों के लिए धार्मिक आस्था का जबरदस्त केंद्र है यहां पर सिद्धनाथ, भैरव घाट तथा नागर घाट प्रसिद्ध है

**11. हमारा सौरमंडल किस गैलेक्सी का एक हिस्सा है?**

(अ) बोडस (ब) एंड्रोमेडा (स) आकाशगंगा (द) ट्रायंगुलम

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** आकाशगंगा मिल्की वे, क्षीरमार्ग या मंदाकिनी हमारी गैलेक्सी को कहते हैं जिसमें पृथ्वी और हमारा सौरमंडल स्थित है एंड्रोमेडा हमारी आकाशगंगा के सबसे निकट की आकाशगंगा है जो हमारी आकाशगंगा से 2.2 मिलियन प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है

**12. देश का पहला पुरातत्व पार्क कहां स्थापित किया गया?**

(अ) संग्रामपुर (ब) मोहिनीगढ़ (स) दरया टोली (द) जदापुर

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** मध्य प्रदेश के दमोह जिले के अंतर्गत आने वाला संग्रामपुर देश का ऐसा गांव है जहां देश का पहला पुरातत्व पार्क स्थापित किया जा रहा है

**13. सफेद रेगिस्तान भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किस में स्थित है?**

(अ) गुजरात (ब) तमिल नाडु

(स) जम्मू एवं कश्मीर (द) सिक्किम

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** सफेद रेगिस्तान भारत के गुजरात राज्य के कच्छ के रण को कहा जाता है यह क्षेत्र अपने नमक उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है इसलिए इसे सफेद रेगिस्तान भी कहा जाता है

**14. बौद्ध जगत की पवित्र नगरी किस नगर का उपनाम है?**

(अ) उज्जैन (ब) खजुराहो (स) पचमढ़ी (द) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** बौद्ध नगर की पवित्र नगरी के उपनाम से मध्यप्रदेश का सांची नगर जाना जाता है जबकि उज्जैन को मंदिर एवं मूर्तियों का नगर खजुराहो का शिल्पकला का तीर्थ और पचमढ़ी को पर्यटकों का स्वर्ग कहा जाता है

**15. नृत्य शैली छरही की उत्पत्ति किस राज्य में हुई?**

(अ) मिजोरम (ब) बिहार

(स) हिमाचल प्रदेश (द) पश्चिम बंगाल

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** छरही नृत्य की उत्पत्ति हिमाचल प्रदेश में हुई हिमाचल प्रदेश का यह प्रमुख लोक नृत्य है इसके अलावा वहां धमान, छपेली, झोरा, झाली, महारसू, नाटी लोक नृत्य भी प्रचलित है

**16. किस तिथि को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है?**

(अ) 14 जून (ब) 16 जून (स) 12 जून (द) 10 जून

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है

**17. जिनेवा में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना कब की गई थी?**

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

(अ) 24 दिसंबर 2003 (ब) 12 अक्टूबर 1993

(स) 31 अक्टूबर 2012 (द) 14 नवंबर 2015

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक गैर सरकारी तथा गैर लाभकारी संगठन है इसकी स्थापना 24 दिसंबर 2003 ईस्वी को जिनेवा स्विट्जरलैंड में हुई थी

**18. हंपी को___ द्वारा विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया था?**

(अ) यूएनओ (ब) आईएमएफ (स) डब्ल्यूएचओ (द) यूनेस्को

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** हंपी को यूनेस्को द्वारा 1986 में विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया था उल्लेखनीय है कि हंपी मध्यकालीन हिंदू राज्य विजयनगर की राजधानी थी तुंगभद्रा नदी के तट पर स्थित हंपी आज खंडहर के रूप में तब्दील है यह कर्नाटक राज्य में स्थित है

**19. केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान इनमें से किस भारतीय राज्य में स्थित है?**

(अ) मध्य प्रदेश (ब) उत्तर प्रदेश (स) कर्नाटक (द) तमिलनाडु

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान की स्थापना वर्ष 1969 में मैसूर में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय के रूप में की गई थी

**20. ----चार बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला है?**

(अ) दीपिका राठौर (ब) सुहैल शर्मा

(स) अंशु जम्सेंपा (द) मधुसुधन पाटीदार

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** अरुणाचल प्रदेश की अंशु जम्सेंपा चार बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने वाली भारत की पहली महिला हैं जिन्हें भारत के राष्ट्रपति के द्वारा तेनजिंग नोर्गे नेशनल एंडवेंचर अवार्ड के लिए चुना गया अंशु जम्सेंपा मई 2011 ईस्वी में दो बार, 2013 ईस्वी तथा 2017 ईस्वी में माउंट एवरेस्ट के शिखर पर चढ़ाई की है

**21. किसी पौधे का कौन सा भाग पौधे की जड़ों से पौधे के शेष भागों में जल का परिवहन करता है?**

(अ) स्थूलकोण ऊतक (ब) फ्लोएम ऊतक

(स) मृदूतक (द) जाइलम ऊतक

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** जाइलम पादपों में पाया जाने वाला ऊतक है यह एक प्रकार का जटिल स्थाई ऊतक है जिसका प्रमुख कार्य जड़ों द्वारा शोषित जल को पौधे के विभिन्न भागों तक पहुंचाता है

**22. मेंडल के नियम केवल तभी लागू होते हैं जब**

(अ) माता-पिता शुद्ध प्रजनन है (ब) पैरेंट कोडोमिनेंट है

(स) कैरेक्टर रीसेस्सिव हैं (द) कैरेक्टर लिंक किए गए हैं

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** मेंडल का नियम तभी लागू होता जब माता-पिता की प्रजनन क्रिया शुद्ध होती है

**23. ----वर्ग के प्राणियों में श्वसन गलफड़ों अथवा फेफड़ो द्वारा होता है?**

(अ) मत्स्य (ब) सरीसृप (स) पक्षी (द) उभयचर

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** उभयचर वर्ग के सदस्य जल और स्थल दोनों में पाये जाते है यह अनियततापी जंतु होते हैं इस वर्ग में लगभग 3,000 जातियां पाई जाती हैं इन प्राणियों में श्वसन गलफड़ों अथवा फेफड़ों तथा त्वचा द्वारा होता है

**24. स्कर्वी रोग जिसके लक्षणों में मसूड़ों से खून आना शामिल है उसे आहार में---- शामिल करके रोका जा सकता है?**

(अ) विटामिन ए (ब) कोलेस्ट्रॉल (स) विटामिन सी (द) प्रोटीन

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** स्कर्वी रोग जिसके लक्षणों में मसूड़ों से खून आना शामिल है उसे आहार में विटामिन सी शामिल करके रोका जा सकता है

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**25. मवेशियों में मुख और पैरों के रोग किसके कारण होते है?**

(अ) कवक (ब) पेनिसिलियम (स) विषाणु (द) जीवाणु

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** मवेशियों में मुख और पैरों के रोग विषाणु के कारण होते हैं

**26. मानव में बैक्टीरिया के संक्रमण का सबसे आम इलाज क्या है?**

(अ) एस्पिरिन (ब) एंटीबॉडी (स) एंटीबायोटिक्स (द) एंटीजन

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** मानव में बैक्टीरिया के संक्रमण का सबसे आम इलाज एंटीबायोटिक है जो जीवाणु विकास को रोकता है

**27. जब पौधे के भाग की वृद्धि प्रकाश की अनुपस्थिति में होती है तो इस प्रक्रिया को कहा जाता है?**

(अ) ऋणात्मक अनुवर्तन (ब) धनात्मक अनुवर्तन

(स) ऋणात्मक प्रकाशानुवर्तन (द) धनात्मक प्रकाशानुवर्तन

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** जब पौधे के भाग की वृद्धि प्रकाश की अनुपस्थिति में होती है तो इस प्रक्रिया को ऋणात्मक प्रकाशानुवर्तन कहा जाता है पौधों की जड़ों में ऋण प्रकाशानुवर्तन होता है जिससे वे प्रकाश की विपरीत दिशा में अर्थात भूमि में नीचे की ओर की वृद्धि करते हैं

**28. निम्नलिखित में से कौन रंध्रों के बंद होने और पत्तियों के गिरने में मदद करता है?**

(अ) एब्सीसिक अम्ल (ब) ज्ञिबेलिन

(स) ऑक्सिन (द) साइटोकाइनिन्स

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** एब्सीसिक अम्ल वृद्धिरोधक का कार्य करते हैं अर्थात यह पादप हार्मोन वृद्धि को रोकता है इसके मुख्य कार्य इस प्रकार है- एब्सीसिक अम्ल एपिडर्मिस में रंध्रों को बंद होने के लिए उत्तेजित करता है

**29. केवल वे धातुएं ही पानी से हाइड्रोजन को विस्थापित कर सकती हैं जो धातुओं की प्रतिक्रिया क्षमता श्रृंखला में--- होते हैं?**

(अ) हाइड्रोजन से नीचे

(ब) हाइड्रोजन से ऊपर

(स) ऊपर या नीचे

(द) धातुएं पानी से हाइड्रोजन को विस्थापित नहीं कर सकती हैं

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** धातु की प्रतिक्रिया क्षमता श्रृंखला में हाइड्रोजन से ऊपर की धातुएं एसिड या पानी से अभिक्रिया पर हाइड्रोजन को विस्थापित कर सकती है क्योंकि ये धातुएं हाइड्रोजन से ज्यादा अभिक्रियाशील होती है

**30. सफेद फास्फोरस को___ में संग्रहित किया जाता है?**

(अ) ऑक्सीजन (ब) हाइड्रोजन (स) पानी (द) शराब

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** सफेद फास्फोरस मोम जैसा मुलायम रवेदार पदार्थ होता है प्रकाश में रखने पर यह पीला हो जाता है यह एक विषैला पदार्थ है जो जल में अघुलनशील किंतु कार्बनडाइसल्फाइड में घुलनशील है यह हवा में स्वत: जल उठता है अतः इसे जल के अंदर डुबाकर रखा जाता है

**31. ----- यौगिक एक सुखाने वाले एजेंट के रूप में प्रयोग किया जाता है?**

(अ) जिप्सम (ब) कैल्शियम कार्बाइड

(स) कैलशियम ऑक्साइड (द) कैल्शियम कार्बोनेट

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** कैल्शियम ऑक्साइड को बिना बुझा हुआ चूना भी कहते हैं कमरे के ताप पर यह सफेद तथा रवेदार होता है इसका उपयोग ग्लास, चीनी के शुद्धिकरण में होता है कैल्शियम ऑक्साइड यौगिक एक सुखाने वाले एजेंट के रूप में कार्य करता है

**32. निम्नलिखित धातुओं में से कौन सी फोटो फिल्मों में इस्तेमाल की जाती है?**

(अ) मैग्नीशियम (ब) रजत (स) पारा (द) प्लेटिनम

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** रजत धातु फोटो फिल्मों में इस्तेमाल की जाती है सिल्वर क्लोराइड को हार्नसिल्वर कहा जाता है इसका उपयोग फोटोक्रोमेटिक कांच बनाने में होता है

**33. एक ब्लॉटिंग पेपर स्याही कैसे सोखता है?**

(अ) स्याही सुखा कर (ब) कोशिका क्रिया

(स) ठोसकरण क्रिया (द) वाष्पीकरण

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** कोशिका क्रिया- किसी ठोस पदार्थ के संपर्क में रहने वाले द्रव की वह क्रिया जिसमें द्रव के अणुओं के एक- दूसरे के प्रति और ठोस के अणुओं के प्रति आकर्षण के फलस्वरुप द्रव का पृष्ठ उठता या गिरता है इसी क्रिया द्वारा ही ब्लॉटिंग पेपर स्याही सोखता है

**34. इनमें से कौन रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलता है?**

(अ) मोटर (ब) डायनामो (स) बैटरी (द) जेनरेटर

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** मोटर के द्वारा विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है डायनेमो के द्वारा यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है बैटरी रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर देती हैं

**35. इनमें से कौन सा परिपथ का एक क्रियाशील घटक है?**

(अ) ट्रांजिस्टर (ब) प्रतिरोधक (स) धारित्र (द) प्रेरित्र

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** वे अवयव जो अनंत समय तक ऊर्जा प्रदान करते हैं सक्रिय अवयव कहलाते हैं जैसे- वोल्टता स्रोत, धारा स्रोत, रजिस्टर आदि








